PUBLICATION NAME :	Janpath Samachar
EDITION :	Mumbai
DATE :	08/12/23
PAGE :	11

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ने कॉरपोरेट्स के साथ की साझेदारी

मुंबई। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सहयोग से कॉरपोरेट्स के लिए एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का आयोजन सीएसआर कार्यों के तहत दिव्यांग लोगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए 'सपोर्ट, एक्टिवेट एंड बिल्ड एश्योर्ड लाइवलीहुड्स (सबल - एसएबीएएल)' का निर्माण करने के लिहाज से किया गया था।

एसबीआई फाउंडेशन के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू; डॉ. विनीत राणा, महाप्रबंधक, राष्ट्रीय विकलांग वित्त विकास निगम, डीईपीडब्ल्यूडी, भारत सरकार; ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला और ईडीआईआई में परियोजना विभाग (कॉरपोरेट) के निदेशक डॉ. रमन गुजराल चित्र में (बाएं से दाएं) और महाराष्ट्र लघु उद्योग विकास निगम लिमिटेड, मुंबई प्रबंध निदेशक राजेंद्र निंबालकर (आईएएस), आईडीबीआई बैंकके सीजीएम सौ य चौधरी और डीई पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख कॉरपोरेट संस्थाओं के सीएसआर अधिकारियों ने इस अभूतपूर्व बैठक में भाग लिया।

इस बैठक में दिव्यांग लोगों की समस्याओं के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, 3,000 नए पीडब्ल्यूडी उद्यमों की स्थापना सुनिश्चित करने की दिशा में और जरूरी कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इनमें 1,500 उद्यम टैक्नोलॉजी-संचालित और 1,500 सामान्य उद्यम होंगे। इस निर्णायक बैठक में सरकार, कॉरपोरेट्स और संस्थानों के बीच प्रभावी तालमेल के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने पर विचार-मंथन किया गया।